27(6)

Chief Engineer (Health) PWD/2025/22084
Public Work Department
Government of National Capital Territory of Delhi

2nd Floor, MSO Building
I.P. Estate, New Delhi – 110 002
Ph.:011-23319153,
E-mail: cepwddelhibpzb2@gmail.com

सं० 9(19)/मु०अभि०(स्वा०)/ई-1/ 4180 दिनांक: 29/10/25

## कार्यालय ज्ञापन

इस अंचल कार्यालय के अंतर्गत मंडल कार्यालय में रोकड़िया पद पर चयन हेतु इच्छुक अवर श्रेणी लिपिकों/उच्च श्रेणी लिपिकों से विकल्प आमन्त्रित किये जाते है। सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, परियोजना प्रबंधक / कार्यपालक अभियंताओं से अनुरोध किया जाता है कि यह कार्यालय ज्ञापन उनके कार्यालय तथा उनके अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत इच्छुक अ०श्रे०लि०/उ०श्रे०लि० में प्रचलित(Circulate) करें तथा इच्छुक उ०श्रे०लि०/ अ०श्रे०लि० के नाम समेकित करके नीचे दिए गए प्रोफार्मा में उनके सेवा विवरण तथा पांच साल की गोपनीय रिपोर्ट का सारांश सहित इस कार्यालय में दिनांक 17.11.2025 तक अवश्य भेज दें। दिनांक 17.11.2025 के बाद प्राप्त नामों पर विचार नही किया जायेगा। रोकड़िया पद पर विकल्प देने वालों को निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगाः-

1. इच्छुक कर्मचारी ने कम से कम तीन वर्ष तक लेखा शाखा में कार्य किया हो ।
2. कर्मचारी एक वर्ष से पत्राचार शाखा में कार्यरत हो या एक वर्ष से कम समय से लेखा शाखा में कार्यरत हो ।
3. कर्मचारी अपने पद पर स्थाई हो।
4. जिन अ०श्रे०लि० ने लेखा परीक्षा/विभागीय प्रशिक्षण लिया हो परन्तु परीक्षा/पशिक्षण में असफल हो गये हों वे रोकड़िया पद हेतु योग्य नहीं होंगे।
5. वें आवश्यक प्रतिभूति राशि देने को तैयार हों।
6. इच्छुक कर्मचारी के संबंध में परिमंडल स्तर पर सतर्कता सफाई प्रमाण पत्र साथ भेजें।(प्रोफार्मा-ए)
7. कर्मचारी द्वारा विकल्प दिये जाने के बाद किसी भी स्थिति में उसे वापिस लेने की अनुमति नहीं होगी तथा कर्मचारी का रोकड़िया पद पर चयन हो जाने पर एवजी की प्रतीक्षा किये बिना कार्यभार मुक्त करना होगा।
8. कर्मचारी की पिछले पॉच वर्ष की APAR की छायाप्रति परिमंडल स्तर पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित कराकर भेजें।
9. कर्मचारी का रोकडिया पद पर चयन हो जाने पर उसे बिना प्रतिस्थानी के कार्यभार मुक्त करना होगा।
10. जो अ०श्रे०लि०/उ०श्रे०लि० कम्पयूटर में कार्य कर सकने में सक्षम होंगे उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
11. सीधे मंडल कार्यालयों से प्राप्त विकल्पों/देरी से प्राप्त विकल्पों पर विचार नहीं किया जायेगा।
12. कर्मचारी का सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।
13. के०लो०नि०वि० में कार्यरत उ०श्रे०लि०/अ०श्रे०लिपिक जिनके निरंतर कम से कम ३ वर्ष हो गए है। वे ही विकल्प भिजवाएं।

| क्र०सं० | नाम, पदनाम व PIMS ID | जन्मतिथि | कार्यालय जहाँ कार्यरत है | के.लो.नि.वि. में नियुक्ति की तिथि | वर्तमान पद पर नियुक्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

| पत्राचार शाखा में कार्य करने की तिथि | लेखाशाखा में कार्य करने की तिथि | क्या लेखा प्रशिक्षण पास किया है | रोकडिया पद पर कार्य के अनुभव का विवरण | लेखाशाखा में अनुभव का विवरण | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |

यदि किसी कारणवश अवर श्रेणी लिपिक/उच्च श्रेणी लिपिक को लेखाशाखा में तैनाती के लिए रोका गया है, तो कृप्या उनके नाम अग्रेषित न किये जाएं।

यह ज्ञापन मुख्य अभियंता (स्वास्थ्य) महोदय की अनुमति से जारी किया जाता है।

प्रमुख अभियन्ता
आवती सं. H-6597
दिनांक 31/10/2025

(दीपक आहुजा)
सहायक प्रशासनिक अधिकारी

continue---2-